

02

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साख विश्व में बढ़ी: रामबिलास शर्मा

आज समाज

www.aajsamaaj.com



04

भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल: विजय प्रताप सिंह

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, सोमवार, 25 अप्रैल, 2022 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विक्रमी संवत 2079, बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी, मूल्य 2.00 रुपए


# राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय पंचायत दिवस महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की प्रेरणा व निर्देशन से मनाया गया। 73 वां पंचायती राज संवैधानिक संशोधन अधिनियम 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ तब से 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसका विषय हमारी पंचायत, पंचायती राज व्यवस्था व ग्रामीण भारत की आत्मा का चित्रण था। इस प्रतियोगिता में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता व प्रोफेसर एसके चक्रवर्ती(एक्स एनआईटी कुरुक्षेत्र)ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि पंचायत लोकतंत्रका सही मायनों में प्रतिबिंब है तथा आम जनता के सशक्तिकरण का सही माध्यम है। गांधी ने लोगों के विकास के लिए जिस आदर्श राज्य की कल्पना की थी इस लक्ष्य के लिए उन्होंने ग्राम पंचायत की वकालत की।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथमस्थान अंजलि (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान पूनम मान (बीए प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान राखी (बीए प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार नीतू (बीए तृतीय वर्ष)ने प्राप्त किया।